मंगलवार
19 सितम्बर 2023



पृष्ठ 4
**माउथवॉश से ओरल कैंसर का रहता है खतरा**



पृष्ठ 5
**अब प्रभास निभाएंगे महादेव का किरदार!**



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 221
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

ऐसे देश को छोड़ देना चाहिए जहाँ न आदर है, न जीविका, न मित्र, न परिवार और न ही ज्ञान की आशा।

– विनोबा

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

## - नई संसद, नया आगाज, नया अध्याय, नए संकल्प -

# लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश

- राज्य विधानसभाओं व लोकसभा मे 33 फीसदी आरक्षण
- आगामी 15 साल तक लागू रहेगी आरक्षण व्यवस्था
- दिल्ली विधानसभा में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण
- एससी-एसटी आरक्षण की पूर्व व्यवस्था 33 फीसदी में निहित



विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। नई संसद में आहूत पहले सत्र के पहले ही दिन केंद्र सरकार द्वारा बीते कई दशकों से लंबित पड़े महिला आरक्षण बिल को कुछ नए कलेवर के साथ पेश कर दिया गया है। इस नए बिल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम देकर लाने का जो काम किया गया है वह 2024 के चुनाव के मद्देनजर मास्टर स्ट्रोक समझा जा रहा है।

इस बिल के तहत पुराने महिला आरक्षण बिल में कुछ संशोधन किए गए हैं जिसे पुरानी बोतल में नई शराब भरने जैसा ही माना जा रहा है। आज इस सत्र की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन से हुई। जिसमें उन्होंने सदन के सभी सदस्यों से पुरानी सभी कड़वाहटों को भुलाकर देश के हित में काम करने की अपील जरूर की गई। उनका कहना था कि जब सब कुछ नया है तो नए इतिहास की शुरुआत भी नए भाव व भावनाओं के साथ ही होनी चाहिए लेकिन वैसा देखने को नहीं मिला। नेता विपक्ष अधीर रंजन ने जब बोलना शुरू किया तो उन्होंने महिला आरक्षण पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पेश किए गए तर्कों पर जब सवाल उठाए तो भाजपा के सांसदों ने जमकर हंगामा किया।

इसी हंगामे के बीच केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा सदन में नया नारी शक्ति वंदन अधिनियम पेश किया गया। जिसमें सभी राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की गई है। विधान परिषदों में यह 33 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था नहीं होगी। इस बिल के अनुसार सरकार ने एक नया एमेटमैट करते हुए केंद्र शासित राज्य दिल्ली की विधान सभा में भी महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था लागू करने की बात कही है। वहीं लोकसभा में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने की व्यवस्था की गई है लेकिन यह व्यवस्था राज्यसभा में लागू नहीं होगी।

इन नये नारी शक्ति वंदन अधिनियम में यह व्यवस्था भी की गई है कि एससी एसटी वर्ग के लिए पूर्व में चली आ रही व्यवस्था को निष्प्रभावी कर दिया गया है इसी 33 फीसदी आरक्षण में एससी-एसटी आरक्षण भी निहित होगा। जबकि ओबीसी को इस आरक्षण में शामिल नहीं किया गया है। नई संसद की नई व्यवस्थाओं के अनुसार इस बिल को पेश करने की घोषणा जैसे ही कानून मंत्री द्वारा की गई बिल के प्रति सभी सांसदों के लैपटॉप पर अपलोड कर दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बिल को हर हाल में पारित करने का संकल्प जहां सदन में लिया है वही उनके द्वारा इस महिला सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ते कदम की निर्विरोध विधेयक पारित करने की गुजारिश भी सदन के सदस्यों से की गई है।

### डिलिमिटेशन के बाद ही लागू होगा आरक्षण

नई दिल्ली। भले ही केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा में पेश कर दिया गया हो। लेकिन अभी इसे धरातल में उतरने में सालों का समय लगेगा। सरकार के पास इस बिल को संसद में पारित कराने में कोई दिक्कत भले ही पेश न आये लेकिन इसे डिलिमिटेशन के बाद ही लागू किया जायेगा। डिलिमिटेशन के लिए एक कमीशन का गठन होगा जो सभी राज्यों की विधानसभा सीटों व लोकसभा सीटों का पुनर्गठन करेगा। जिसमें 30 फीसदी सीटें बढ़ायी जायेंगी। जब यह काम पूरा हो जायेगा तभी यह आरक्षण व्यवस्था लागू हो सकेगी।

### आरक्षण 50 फीसदी होना चाहिएः मायावती

लखनऊ। बसपा सुप्रीमों मायावती का कहना है कि अगर सरकार महिलाओं का वास्तव में सशक्तिकरण करना चाहती है तो इस विधेयक में 50 फीसदी आरक्षण देने की व्यवस्था करनी चाहिए। लोकसभा में बिल पेश होने से पूर्व की गयी पत्रकार वार्ता में उन्होने कहा कि अगर इसमें पूर्व में मिलने वाले एससी-एसटी आरक्षण को समाहित किया जाता है तो वह गलत होगा। उन्होने कहा कि अगर ऐसा होता है तो यह कांग्रेस और भाजपा की पुरानी पुरूष वादी व्यवस्था का ही प्रतीक होगा।

## मारा गया लश्कर-ए-तैयबा सरगना उजैर खान

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में चल रहे एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा का सरगना उजैर खान कोकेरनाग में मारा गया है। एडीजीपी विजय कुमार ने कहा कि आतंकी सरगना उजैर की मौत हो चुकी है और उसकी बॉडी भी मिल गई है। एक और टेररिस्ट की डेड बॉडी दिख रही है। तलाशी अभियान अभी जारी रहेगा क्योंकि कई इलाके अभी भी बचे हुए हैं। हम जनता से अपील करेंगे कि वे वहां न जाएं। हमारे पास 2-3 आतंकवादियों के बारे में जानकारी थी। संभव है कि हमें तीसरा शव कहीं मिल जाए। इसलिए हम तलाशी अभियान पूरा करेंगे। विजय कुमार ने कहा कि हम आतंकियों की और भी जगहें ढूंढेंगे और उसे नष्ट कर देंगे। उजैर खान की मौत के साथ ही सात दिनों तक चली मुठभेड़ खत्म हो गई है। उजैर अहमद खान (28साल) अनंतनाग के नागम कोकरनाग का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि वह 26 जुलाई 2022 से लापता था। खुफिया एजेंसियों का मानना है कि उजैर के साथ दो विदेशी आतंकवादी भी मुठभेड़ के वक्त मौजूद थे। सेना ने मुठभेड़ की जगह से एक जले हुए शव के डीएनए नमूने एकत्र किए हैं। सेना का मानना है कि यह किसी सैन्यकर्मी का हो सकता है, जिसकी पहचान प्रदीप के रूप में हुई है।



## भारत ने वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को किया निष्कासित

नई दिल्ली। भारत और कनाडा के बीच बिगड़ते राजनयिक संबंधों के बीच, नई दिल्ली ने मंगलवार को एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया। उन्हें अगले पांच दिन में देश छोड़ने के लिए कहा गया है। भारत में कनाडा के उच्चायुक्त को विदेश मंत्रालय द्वारा तलब किया गया और वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने के फैसले के बारे में सूचित किया गया।

मंत्रालय ने कहा कि कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने का फैसला हमारे आंतरिक मामलों में कनाडाई राजनयिकों के हस्तक्षेप और भारत विरोधी गतिविधियों में उनकी संलिप्तता को लेकर भारत की बढ़ती चिंता को दर्शाता है।

इससे पहले भारत ने कनाडा के प्रध



ानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इन आरोपों को बेतुका और बेबुनियाद बताकर सिरे से खारिज कर दिया था कि खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंट का संभावित हाथ है।

ट्रूडो द्वारा संसद में इस संबंध में आरोप लगाए जाने के बाद कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने घोषणा की कि एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक को कनाडा से निष्कासित कर दिया गया है। कनाडाई नागरिक निज्जर की दो अज्ञात बंदूकधारियों ने गत 18 जून को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी थी।

ट्रूडो ने संसद में कहा था कि जून में हुई निज्जर की हत्या और भारत सरकार के एजेंट के बीच संभावित संबंध के पुख्ता आरोपों की कनाडा की सुरक्षा एजेंसियां पूरी सक्रियता से जांच कर रही हैं।

विदेश मंत्रालय ने भारत पर लगाए गए आरोपों को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कनाडा में हिंसा के किसी भी कृत्य में भारत की संलिप्तता के आरोप बेतुके और बेबुनियाद हैं।

दून वैली मेल


## संपादकीय

# नया इतिहास लिखता समय

परिवर्तन समय का सापेक्षिक गुण ही नहीं है अपितु निरंतर विकास के इतिहास का रचयिता भी है। आजादी के अमृत काल में आज का दिन इस देश के इतिहास में एक नया अध्याय है जो 76 साल पुरानी अपनी उस संसद को अलविदा कह रहा है जहां से देश के लोकतंत्र की नींव रखी गई व उस नए संसद भवन का बाहें पसारकर स्वागत कर रहा है जिस पर नए भारत के भविष्य और विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र की हिफाजत की जिम्मेवारी है। पुराने संसद में कल आयोजित लोकसभा सत्र के अंतिम दिन मोदी सरकार की कैबिनेट में महिला आरक्षण बिल को मंजूरी देकर और अब नए संसद भवन में इस प्रस्ताव को पारित कराकर लोकतंत्र की अच्छाई के साथ आगे बढ़ने का संदेश देने की कोशिश की गई है। संसद का यह विशेष सत्र बुलाने से पहले ही इस सत्र में कुछ विशेष करने का संकेत प्रधानमंत्री ने दिया था। इस सत्र का क्या विशेष एजेंडा है इसे लेकर तमाम तरह के कयास लगाये जा रहे थे जिससे अब धीरे-धीरे पर्दा उठाने शुरू हो गया है भले ही कैबिनेट की इस बैठक के बाद भी कैबिनेट के फैसलों की कोई आधि कारिक जानकारी न दी गई हो लेकिन महिला आरक्षण बिल जो विगत 27 सालों से राजनीतिक दांव पेचों में उलझा हुआ था उसे कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इस फैसले की अहमियत को महिलाओं को बराबरी पर लाने के लिहाज से अति महत्वपूर्ण माना जा रहा है उससे भी अधिक महत्वपूर्ण 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव पर इस फैसले का पढ़ने वाला प्रभाव है। महिला आरक्षण बिल को 2010 में जब यूपीए सरकार द्वारा लाने का प्रयास किया गया था उस समय लोकसभा में इसे रोकने के लिए किस कदर हंगामा किया गया था और इसके पीछे क्या कारण निहित थे हम सभी जानते हैं। उच्च सदन में पारित होने के बाद भी इसे लोकसभा में नहीं लाया जा सका था। 27 साल बाद अगर आज इस बिल को मोदी सरकार द्वारा फिर से संसद में लाया जा रहा है तो इस सरकार से यह तो पूछा ही जा सकता है कि भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली और मोदी के नेतृत्व वाली सरकार केंद्रीय सत्ता में साढ़े नौ सालों से काबिज है तो उसे इतने लंबे समय बाद और 2024 के चुनाव से एन पहले ही इस महिला आरक्षण विधेयक की याद क्यों आ गई। बहुत इधर-उधर सोचने की जरूरत नहीं है। बात देश की आधी आबादी और वोटो से जुड़ी है। देश में सरकार द्वारा जब उज्ज्वला जैसी योजनाओं को महिला वोट बैंक को लुभाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है जिनको अब कुछ मुफ्त सिलेंडर व किफायती दरों पर सिलेंडर मुहैया कराये जा रहे हैं वहीं अभी 75 लाख लाभार्थियों को इसका लाभ दिया जा रहा है तो महिलाओं को राज्यों की विध नसभाओं और संसद में 33 फीसदी आरक्षण मिलने का मुद्दा तो बहुत बड़ा है। सरकार के इस फैसले की भनक विपक्ष को लग चुकी थी यही कारण है कि विशेष सत्र से पूर्व सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने सरकार के सामने महिला आरक्षण बिल लाने की मांग रख दी गई। खैर सरकार इस बिल को पारित करने में पूर्ण सक्षम है तथा विपक्ष भी इसका 2010 जैसा विरोध नहीं करेगा इसलिए इस देश की महिलाओं के हित संरक्षण और कल्याण से जुड़ा यह बिल निश्चित पारित हो जाएगा जो हमारे नए और पुराने दोनों संसद भवनो के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय होगा।

## अंकित भंडारी की पुण्यतिथि पर निकाला कैंडल मार्च

देहरादून (कासं)। पहाड़ की बेटी अंकित भंडारी की पुण्यतिथि पर निकाले गए कैंडल मार्च में संयुक्त नागरिक संगठन के मनोज ध्यानी, सरदार जी एस जससल, मोहम्मद रेहान, हाफिज गुफरान,चौधरी ओमवीर सिंह, सुशील त्यागी, दीपचंद शर्मा,अनिल पेनुल्ली, सत्ये सिंह बिष्ट, प्रदीप कुकरेती, अनूप नौटियाल, प्रकाश थपलियाल,सीएस नेगी,जेपी कुकरेती, शकुंतला रावत,तन्मय ममगाई,अर्चना गवाडी,नीना रावत,प्रकाश नागिया भी शामिल थे। सभी का कहना था कि इस जघन्य हत्याकांड की बिना सीबीआई से जांच कराये अंकिता को न्याय मिलना कठिन है। इसलिए मुख्यमंत्री को इस संबंध में अपनी संस्तुति केंद्र सरकार को तत्काल भेज देनी चाहिए। कैंडल मार्च में पूर्व सैनिक संगठन के साथियों के साथ युवा वर्ग, मातृशक्ति,सीनियर सिटिजन,भी भारी संख्या में शामिल हुए। हम पेंशनरो का सामाजिक सरोकारों में भाग लेना हमारी जागरूकता नैतिक दायित्व सक्रियता एक जड़ता का प्रमाण था।



अभि हि सत्य सोमपा उभे बभूथ रोदसी।
इन्द्रासि सुन्वतो वृध: पतिर्दिव:।।
(ऋग्वेद ८-९८-५)

हे परमेश्वर ! आप सत्य स्वरूप हो और उत्तम कर्म करने वाले लोगों को प्रेम करते हो। पृथ्वीलोक और द्युलोक में विद्यमान सभी से उत्तम हो। तुम उन सत्यनिष्ठ उपासकों को प्रोत्साहित करते हो जो तुम्हें समर्पित हैं। आप ज्ञान स्वरूप के स्वामी हो।

# शहरी विकास मंत्री ने किया वेडिंग जोन का लोकार्पण व शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखंड सरकार के निर्देशन में नगरी फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार हरिद्वार नगर निगम प्रशासन द्वारा विकसित किए गए तीन वेंडिंग जोन जिसमें प्रथम न्यू स्मार्ट वेंडिंग जोन चंडी घाट मार्ग बेल वाला 50 स्ट्रीट वेंडर्स की क्षमता का दूसरा महिला पिक वेंडिंग जोन मेला कंट्रोल रूम मार्ग रोड़ी बेल वाला सौ महिला स्ट्रीट वेंडर्स की क्षमता का तीसरा पुल जटवाड़ा ज्वालापुर 25 स्ट्रीट वेंडर्स की क्षमता के तीन वेंडिंग जोन सहित चौथा वेंडिंग जोन सेक्टर 2 बेरियल से भगत सिंह चौक मार्ग ढाई सौ रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स की क्षमता के साथ लगभग ढाई करोड़ की योजना का उद्घाटन लोकार्पण शिलान्यास शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल विधायक आदेश चौहान हरिद्वार नगर निगम महापौर श्रीमती अनीता शर्मा शिवालिक नगर नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

पूर्व मंडी अध्यक्ष लघु व्यापारी नेता संजय चोपड़ा ने शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल रानीपुर विधायक आदेश चौहान शिवालिक नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा का फूलों की वर्षा कर फूल माला पहनकर सैकड़ो लघु व्यापारियों सहित जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल हरिद्वार के लोकसभा सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक क्षेत्रीय विधायक मदन कौशिक रानीपुर विधायक आदेश चौहान सहित केंद्र और राज्य सरकार का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद किया। संजय चोपड़ा ने कहा इन चार वेंडिंग जोन के विकसित होने से लगभग 500 रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों को राज्य सरकार के संरक्षण में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना के तहत स्वरोजगार दिए जाने की एक सार्थक पहल की गई है उन्होंने कहा शीघ्र ही राज्य सरकार हरिद्वार नगर निगम प्रशासन के प्रति स्वाभिमान आभार रैली निकाल कर सार्वजनिक तौर पर धन्यवाद किया जाएगा।



राज्य सरकार द्वारा किए गए आयोजित शहरी आजीविका मेला सम्मिलित हुए लघु व्यापारियों में राजकुमार एंथोनी, मनोज मंडल, मोहनलाल ,वीरेंद्र सिंह ,प्रभात चौधरी, रणवीर सिंह ,जय भगवान, विजेंद्र चौधरी, तस्लीम अहमद ,नईम सलमानी ,आजम अंसारी, जमील कामिल, विकास सक्सेना ,प्रद्युमन सिंह ,शुभम सैनी ,कमल पंडित, नंदकिशोर गोस्वामी, नीरज कश्यप, श्रीमती पूनम माखन ,नम्रता सरकार, कामिनी मिश्रा, सीमा देवी ,सुनीता चौहान, सुमन गुप्ता ,पुष्पा दास सहित भारी संख्या में लघु व्यापारी सम्मिलित हुए।

# रमनप्रीत कौर को मिला इंस्पायरिंग इंडियन अवार्ड

संवाददाता

देहरादून। मनबीर कौर चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा रमनप्रीत कौर को दिल्ली में इंस्पारिंग इंडियन अवार्ड से नवाजा गया।

समाज सेविका, मनबीर कौर चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा रमनप्रीत कौर को समाज में उत्कृष्ठ कार्य, जरुरतमंद लोगों की निष्ठां भाव से सेवा करने पर दिल्ली की एआरके फाउंडेशन विशाल एजुकेशनल एंड चेरिटेबल ट्रस्ट, दिल्ली ने उन्हें इंस्पायरिंग इंडियन अवार्ड से सम्मानित किया। समाज सेविका रमनप्रीत कौर ने हाल ही में उन्होंने बेसहारा एवं



बजुर्गों के लिए मात्र दस रूपये में भोजन की शुरुआत की है जिसकी चारों और प्रशंसा हो रही है। मनबीर कौर ट्रस्ट की रसोई में बजुर्गों के लिए जो अपना खाना बनाने में असमर्थ हैं 2 वक्त का खाना उनके घरों तक पहुंचाया जा रहा है। काफी समय से इनकी सेवाओं को देखते हुए दिल्ली की सामाजिक संस्था ने लाजपत भवन में रमनप्रीत कौर को इंस्पायरिंग इंडियन अवार्ड देकर सम्मानित किया गया एवं ए आर के फाउंडेशन के डायरेक्टर नीलम ठाकुर ने शुभकामनायें देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ट्रस्ट के सचिव कुमार दीप सिंह, प्रेरणा रावत, अरुण ठाकुर, आचार्य सुशांत राज, सेवा सिंह आदि ने रमनप्रीत कौर को इस सम्मान के लिए बधाई दीं।

## स्मैक के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ दो महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने कबाडी बाजार के पास दो महिलाओं को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उनको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडी हुई पुलिस ने पीछा कर उनको पीडब्लूडी कार्यालय के पास पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके कब्जे से 14 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम समुंद्री पत्नी दलीप व रेखा पत्नी धनी निवासी कबाडी बाजार बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## लाखों की स्मैक सहित दो तस्कर गिरफ्तार, बुलेट सीज

हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा। स्मैक तस्करी में लिप्त दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से पुलिस ने 14.42 ग्राम स्मैक व तस्करी में प्रयुक्त बुलेट बरामद की है। जानकारी के अनुसार बीती शाम एसओजी व एएनटीएफ टीम को सूचना मिली कि अल्मोडा एडम्स स्कूल के समीप कुछ नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए एसओजी व एएनटीएफ टीम द्वारा बताये गये स्थान पर चैकिंग अभियान शुरू किया गया। इस दौरान संयुक्त टीम को अल्मोड़ा एडम्स स्कूल के पास एक संदिग्ध बुलेट बाइक आती हुई दिखायी दी। जिस पर दो लोग सवार थे। टीम द्वारा जब उसे रोकने का प्रयास किया गया तो चालक बुलेट मोड़कर भागने लगा। इस पर उन्हे घेर कर रोका गया। तलाशी के दौरान उनके पासे से 14.42 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उन्होने अपना नाम शौर्य पाण्डे (30) पुत्र नन्द किशोर पाण्डे, निवासी बिरौड़ा, कौसानी, जनपद बागेश्वर व अंकित सिंह (24) पुत्र नारायण सिंह, निवासी एनटीडी, अल्मोड़ा बताया। बताया कि उक्त स्मैक को वह रूद्रपुर से खरीदकर लाये थे जिसे वह पहाड़ी क्षेत्रों में बेचना चाह रहे थे। टीम द्वारा उनके खिलाफ कोतवाली अल्मोड़ा में मुकदमा दर्ज कराते हुए उन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। बरामद स्मैक की कीमत एक लाख, चौवालीस हजार, दो सौ रुपये बतायी जा रही है।





# पर्यटन मंत्री ने पर्वतारोहण दल को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया

संवाददाता

देहरादून। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने पर्वतारोहण संघ व उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित बंदरपूंछ व भागीरथी द्वितीय पर्वतों पर पर्वतारोहण अभियान को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। आज यहां पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद्, गढ़ीकैन्ट के परिसर भारतीय पर्वतारोहण संघ, नई दिल्ली एवं उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित बन्दरपूंछ-6316 मी., भागीरथी द्वितीय-6512 मी. पर्वतों पर पर्वतारोहण अभियान का फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। मंत्री ने बंदरपूंछ एवं भागीरथी पर्वतों पर पर्वतारोहण दलों के सदस्यों के दलों के कैप्टन को फ्लैग देते हुए अभियान पूर्ण करने की शुभकामनाएं दी। दोनों दलों में 12-12 सदस्य है तथा दल आज देहरादून से उत्तरकाशी तक जांएगे। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य में साहसिक खेलों को बढावा देना है। इस प्रकार के आयोजनों से साहसिक पर्यटन को बढावा मिलेगा तथा स्थानीय निवासियों को स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान होंगे। उन्होंने कहा कि नालंग-जादुंग क्षेत्र को सरकार द्वारा पर्यटन हेतु खोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्लाईमेंटाइजेशन को ध्यान में रखकर यात्रा करवाई जाए इसके लिए यात्रा को रेगूलेट करना जरूरी है। इस अवसर पर आईएमएफ की अध्यक्ष श्रीमती हर्षवंती बिष्ट, सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे, प्रधानाध्यापक आईएमएफ अंशुमान भदोरिया, कार्यकारी अधिकारी कर्नल अविनाश पुण्डीर आदि उपस्थित रहे।

# 3 कुमाऊं राइफल्स ने धूमधाम से मनाया 'बैटल आनर दिवस'

संवाददाता

देहरादून। 3 कुमाऊं राइफल्स ने अपना बैटल आनर दिवस धूमधाम से मनाया।

आज यहां 3 कुमाऊं राइफल्स के गौरव सेनानियों ने देहरादून के कूर्मांचल भवन जी एम एस रोड में धूमधाम से मनाया। पलटन का बैटल आनर दिवस। अध्यक्ष कैप्टन गोविन्द सिंह रावल साहब ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी साथ ही मुख्य अतिथि कैटन बिक्रम भंडारी अध्यक्ष कुमाऊं रेजिमेंट गौरव सेनानी संगठन देहरादून संभाग का स्वागत किया। वरिष्ट सेनानी कैप्टन एम डी चौबे ने सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में महिलाएं व निम्न सदस्य शामिल थे। नायब सूबेदार जी एस देऊपा, सुबेदार कैलाश सिंह, सुबेदार मदन बोहरा, कप्तान दरवान सिह, कप्तान राम दत्त पाण्डेय, आनन्द सिंह बिष्ट,भगवान सिंह रावल, हर सिंह, कप्तान चन्द्र बल्लभ, सूबेदार महादेव सिंह, नन्दन देऊपा, सूबेदार पूरन शर्मा, कप्तान चन्द्र सिंह कठायत, नायब सूवेदार मनोहर सिंह, जगत मेहता, आर के गुरा्नी आदि ने शहीदो को 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। रायफल्स के सभी सदस्य पलटन के नाम पर झूम उठे। झोडे लगायें गये आखिर में कुमाऊं रायफल्स और कालिका माता की जय जयकार करते हुए कार्यक्रम समापन किया गया।

# हरकी पैडी से पर्यटक का बैग चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। हरकी पैड़ी स्नान घाट से पर्यटक का बैग चोरी करने वाले एक शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी किया गया बैग, मोबाइल, नकदी, घडी, व कपडे भी बरामद किये है। जानकारी के अनुसार सुभाष चंद पुत्र सरदारा निवासी रोहतक हरियाणा द्वारा बीती 16 सितम्बर को कोतवाली नगर हरिद्वार में तहरीर देकर बताया गया था कि हरकी पैडी स्नानघाट से पिठ्ठू बैग जिसमें 1 मोबाईल फोन, पर्स, कपडे, आधार कार्ड व घडी है, अज्ञात चोर द्वारा चुरा लिया गया है। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी। चोर की तलाश में जुटी पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास के बाद बीते रोज घटना में शामिल एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके पास से पुलिस ने चुराया गया बैग मय सामान बरामद कर लिया है। पूछताछ में उसने अपना नाम मंजीत सिंह पुत्र ओमवीर सिंह निवासी शिव बस्ती कालोनी झज्जर हरियाणा बताया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# ऑपरेशन इवनिंग स्टार्म चलाकर करें कार्रवाही: रेखा यादव

संवाददाता

चमोली। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश दिये कि शहर में शराब पीकर वाहन चलाने व सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ "ऑपरेशन इवनिंग स्टार्म" चलाकर कार्रवाही करें।

आज यहां नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक चमोली, रेखा यादव द्वारा पुलिस लाईन गोपेश्वर स्थित सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों/थाना प्रभारियों, स्थानीय अभिसूचना इकाई, फायर सर्विस, संचार शाखा एवं अन्य शाखा प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित कर मासिक अपराधों की समीक्षा एवं कर्मचारियों के साथ सम्मेलन किया गया। अपराधों की समीक्षा कर उनके द्वारा राजपत्रित एवं थाना प्रभारियों को निम्न दिशा-निर्देश निर्गत किये गए। सम्मेलन में उपस्थित समस्त पुलिस कार्मिकों से उनकी समस्याएं पूछी



गई तथा समस्याओं के तत्काल निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को अपने अधीनस्थ कर्मगणों की प्रत्येक माह गोष्ठी आयोजित कर उनके कार्यों की समीक्षा करने एवं उनकी व्यक्तिगत/पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए उनका त्वरित समाधान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में बाहरी राज्यों/जनपदो से निवासरत सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों के शस्त्र लाइसेंसों का भौतिक सत्यापन किए जाने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। सभी थाना प्रभारियों/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि बिना हेलमेट/बिना, लाईसेन्स/रैश, ड्राइविंग/नशे मे वाहन चलाने/खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले/ होटल, ढाबों, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने /पिलाने/ धूम्रपान करने वालों के विरुद्ध "ऑपरेशन इवनिंग स्टार्म" चलाते हुए आवश्यक कार्रवाई किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। चार धाम यात्रा के द्वितीय चरण के दृष्टिगत अधिक संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होगा। अतः सभी को मानसिक एवं शारीरिक तौर पर तैयार रहने हेतु निर्देशित किया गया। श्रद्धालुओं के साथ-साथ विभिन्न महानुभावों के भ्रमण कार्यक्रमों के दृष्टिगत निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

# दो मोटरसाईकिलें चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दो स्थानों से दो मोटरसाईकिलें चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सभावाला निवासी जय किशन ने सहसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल घर के बरामदे में खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद बाहर आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। वहीं चोई बस्ती निवासी करन ने सहसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से रामपुर गया था। उसने अपनी मोटरसाईकिल पीठ स्कूल के गेट पर खडी की थी। लेकिन जब वह वापस आया तो उसने मोटरसाईकिल गायब थी। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# पुण्यतिथि पर अंकिता भण्डारी को दी श्रद्धांजलि

देहरादून (सं)। पुण्यतिथि परर कांग्रेस के पूर्व सचिव ने अंकिता भण्डारी को श्रद्धांजलि दी। आज यहां प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव महेश जोशी ने अंकिता भंडारी की पुण्य तिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि अंकिता भंडारी की जघन्य हत्या से पूरा उत्तराखंड शर्मसार दुखी एवम व्यथित है। अंकिता भंडारी की जघन्य हत्या प्रदेश के माथे पर बदनुमा दाग है जो उत्तराखंड देवभूमि की संस्कृति को कलंकित करती है।

एक साल होने के बाद भी दोषियों को सजा न मिलना सरकार की कमजोर पैरवी व इच्छाशक्ति की कमी को दर्शाता है और कहीं न कहीं अपराधियों जो भाजपा के नेता थे उनके प्रति नरम रुख ही है। उन्होंने कहा कि जब तक दिवंगत अंकिता भंडारी को न्याय नही मिल जाता उत्तराखंड के आम जन मानस चैन से बैठने वाले नही। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

# मकान का ताला तोड लाखों के जेवरात चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने मकान का ताला तोड वहां से लाखों रूपये के जेवरात चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जीवनगढ निवासी धर्मपाल ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था। आज जब वह वापस आया तो उसने देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ था। अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोरों ने अलमारी का लॉक तोडकर वहां पर रखे लाखों रूपये के जेवरात चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# लाखों की धोखाधडी में पति-पत्नी के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। जमीन के नाम पर लाखों रूपये की धोखाधडी करने के मामले में पुलिस ने पति पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चंद्रेश्वर नगर निवासी लोकेन्द्र पंचाल ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि धनीराम प्रजापति पुत्र राम प्रसाद निवासी आर्दश ग्राम कुम्हारबाडा ऋषिकेश जिला देहरादून से उसको एक भूमि क्रय करने हेतु सम्पर्क किया। उसको धनीराम के द्वारा भूमि खैरीखुर्द, तहसील ऋषिकेश जिला देहरादून में एक विक्रय अनुबन्ध पत्र का सौदा किया गया। उसने विक्रय अनुबन्ध पत्र के समय बतौर बयाना धनीराम प्रजापति को चेक के माध्यम से दिया गया था तथा धनीराम द्वारा उसको बताया गया कि इसके द्वारा उक्त भूमि प्यारेलाल पाण्डे से एक अनुबन्ध पत्र के माध्यम से क्रय कि गयी है जब वह उपरोक्त सौदे की बकाया धनराशी अदा कर देगे तो वह विक्रय पत्र उसके हक मे प्यारेलाल पाण्डे से करवा देगां। उसके द्वारा धनीराम को उक्त सौदे की बकाया शेष धनराशी नौ लाख पचास हजार रूपये चैक व नकद धनीराम को अदा की गयी तत्पश्चात धनीराम प्रजापति के द्वारा प्यारेलाल पाण्डे के द्वारा उसकी पत्नी श्रीमती रेखा पंचाल के हक में विक्रय पत्र पंजीकृत किया गया विक्रय पत्र पंजीकृत होने के बाद जब वह व उसकी पत्नी उक्त भूमि पर कब्जा लेने गये तो मालूम हुआ कि मौके पर उक्त भूमि किसी ओर कि है। उसको जब उपरोक्त भूमि में हुये फर्जीवाडे का ज्ञात हुआ तो उसकी पत्नी आश्चर्य चकित हो गये जिसके बाद उसके द्वारा धनीराम प्रजापति से दूरभाष से सम्पर्क किया और जिसके बाद धनीराम ने कहा कि वह अपनी गलती स्वीकार करी और उसके रूपये लौटाने का वायदा किया। लेकिन अभी तक उसके रूपये नहीं लौटाये और उसको जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शराब पिलाने पर रेस्टोरेंट संचालक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। बगैर लाईसेंस के शराब पिलाने पर पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहरू कालोनी थाना पुलिस को सूचना मिली कि अंग्रेजी शराब के ठेके के पास रेस्टोरेंट संचालकों के द्वारा बगैर लाईसेंस के शराब पिलाई जा रही है। जिसके बाद पुलिस ने छापा मारा तो एक रेस्टोरेंट में लोगों को शराब पीते हुए देखा तो रेस्टोरेंट संचालक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रमोद कुमार पुत्र पूरण सिंह निवासी गढ विहार मोहकमपुर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# करीब आए भारत और सऊदी

सऊदी अरब ने गुजरे आठ महीनों में अमेरिका में अपना निवेश 41 प्रतिशत घटाया है। तो अब उसके सामने सवाल यह है कि अपना पैसा कहां लगाए। भारत में 100 बिलियन डॉलर निवेश करने के उसके एलान को इसी संदर्भ में देखा जाएगा।

सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद-बिन-सलमान की भारत यात्रा से यह साफ हुआ है कि आर्थिक संबंध के क्षेत्र में विभिन्न देशों की बदलती प्राथमिकताओं के बीच भारत को अपने देश के लिए वे एक महत्त्वपूर्ण स्थल मान रहे हैं। सऊदी अरब उन देशों में है, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार बड़े मुनाफे की स्थिति में रहते हैं। जाहिर है, इसका कारण सऊदी अरब की तेल संपदा है। प्रिंस सलमान की खूबी यह है कि हाथ में सत्ता आने के बाद से उन्होंने दूरदर्शी नजरिया अपना रखा है। वे जानते हैं कि जीवाश्म ऊर्जा की बदौलत उनका देश हमेशा समृद्ध नहीं बना रहेगा। इसलिए वे निवेश के विभिन्न क्षेत्रों को तलाश रहे हैं। उनकी भारत यात्रा भी इसी तलाश का हिस्सा है। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से बातचीत में सलमान कहा कि पांच साल के अंदर पश्चिम एशिया 'अगला यूरोप' हो जाएगा। जाहिर है, इसमें आधुनिक तकनीक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस लिहाज से भारत के तकनीक-कर्मी सऊदी अरब के लिए बड़े फायदे का पहलू हो सकते हैं। इसके अलावा इस समय दुनिया में ट्रेंड अमेरिका के बॉन्ड और ट्रेजरी बिल से पैसा निकालने का है। सऊदी अरब ने गुजरे आठ महीनों में अमेरिका में अपना निवेश 41 प्रतिशत घटाया है। तो अब उसके सामने सवाल यह है कि अपना पैसा कहां लगाए। चीन उसका एक मुकाम है। साथ ही वह दूसरे स्थलों की तलाश में है। भारत में 100 बिलियन डॉलर निवेश करने के उसके एलान को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। असल में कितना निवेश आएगा, यह भारत की अपनी परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। इन 100 में 50 बिलियन डॉलर के निवेश की घोषणा सऊदी अरब ने 2019 में की थी। यह महाराष्ट्र में रिफाइनरी बनाने में होनी है। मगर चार साल से बात सिर्फ इरादो तक है। सऊदी अरब से भारत का सालाना कारोबार पिछले वित्त वर्ष में 29.28 बिलियन डॉलर का था। इसमें 22.65 डॉलर का भारत ने आयात किया था। यानी सऊदी अरब को भारी मुनाफा है। ऐसे में अगर वह निवेश करता है, तो यह भारत के फायदे में होगा। अब यह भारत पर है कि वह कितना फायदा उठा पाता है।( आरएनएस)

# फुटबाल टीम ज्योतिष भरोसे ?

चूंकि ऐसी खबर पहली बार आई है, इसलिए फिलहाल इसने ध्यान खींचा है। खबर यह है कि एशिया कप फुटबॉल के क्वालीफाइंग मैचों के लिए टीम का चयन भारतीय टीम के कोच ने एक ज्योतिषी की सलाह पर किया।

देश में जिस तरह के माहौल और सोच को प्रोत्साहित किया जा रहा है, उसके बीच यह होना ही है। चूंकि ऐसी खबर पहली बार आई है, इसलिए फिलहाल इसने ध्यान खींचा है। खबर यह है कि एशिया कप फुटबॉल के क्वालीफाइंग मैचों के लिए टीम का चयन भारतीय टीम के कोच ने एक ज्योतिषी की सलाह पर किया। इसके लिए उस ज्योतिषी को भारतीय फुटबॉल संघ ने बकायदा करीब 15 लाख रुपयों का भुगतान किया। कोच इगोर स्टिमैक सर्बियाई हैं। लेकिन उससे कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि विदेशी खिलाड़ी या कोच भी कोई कम अंधविश्वासी नहीं होते। वैसे भी खेलना या कोचिंग उनके लिए नौकरी है। और अगर उनका बॉस ज्योतिषी का सलाह लेने के लिए कहे, तो वे उसकी हुक्म-उदूली नहीं कर सकते। अब सामने यह आया है कि स्टिमैक को ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के तत्कालीन महासचिव कुशल दास ने ज्योतिषी की सलाह लेने को कहा था। तो हर मैच के पहले कोच संभावित टीम के खिलाडि?ों के नाम, उनकी जन्म तिथि, मैच का समय आदि ज्योतिषी को भेज देते थे। ज्योतिषी सितारों का आकलन कर जिन खिलाडि?ों के बारे में बताता था कि उस रोज उसका अच्छा दिन है, उन्हें ही टीम में रखा गया। ये दीगर बात है कि इसके बावजूद भारतीय टीम जॉर्डन से मैच हार गई। एशिया में फुटबॉल में मजबूत बहुत देश हैं। भारत के लिए हाल में इसे एक बड़ी सफलता समझा गया है कि भारतीय टीम फीफा की रैंकिंग में टॉप 100 देशों में शामिल हो गई है। टीम अब एशिया कप के लिए क्वालिफाई भी कर चुकी है। अब मुद्दा यह है कि हाल की ये सफलताएं खिलाडि?ों की मेहनत या किसी उभर रहे सिस्टम का नतीजा हैं, या फिर सारा खेल सितारों का या सितारों के मुताबिक चलने का है? बहरहाल, जब वैज्ञानिकों को खुद पर भरोसा ना रहे और अंतरिक्ष यान छोड़ने से पहले कर्मकांड का सहारा लेते हों, तो आखिर खेल प्रशासकों या कोच को ही अकेले क्यों कठघरे में खड़ा क्यों किया जाए। जब वैज्ञानिक सोच के प्रति लेकर एक विरोध भाव का माहौल है, तो ऐसी बातें होना स्वाभाविक ही है। ( आरएनएस)

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# माउथवॉश से ओरल कैंसर का रहता है खतरा, एक्सपर्ट ने बताया क्या है दोनों के बीच लिंक



जो लोग हर रोज माउथवॉथ का इस्तेमाल करते हैं उनके लिए एक बुरी खबर है। हाल ही में एक रिसर्च सामने आई है जिसमें कहा गया है कि माउथवॉश का ज्यादा इस्तेमाल आपको ओरल कैंसर की तरफ धकेल सकता है। माउथवॉश की जगह मुंह को फ्रेश रखने के लिए अगर आप घरेलू चीजों और हर्बल चीजों का इस्तेमाल करते हैं तो वह ज्यादा फायदेमंद होता है।

क्या कहता है रिसर्च

रिसर्च में यह बात सामने आई है कि माउथवॉश में इथेनॉल नाम का एक खास तरह का पदार्थ होता है जो मुंह की बैक्टीरिया का साथ मिलता है तो तुरंत एसीटैल्डिहाइड में बदल जाता है। और यह ओरल कैंसर पैदा करने में सक्षम है। इसलिए हर रोज माउथवॉश का इस्तेमाल करने से बचें क्योंकि यह कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है। फंटियर्स रिसर्च फाउंडेशन में पब्लिश एक आर्टिकल के मुताबिक एसीटैल्डिहाइड एक टॉक्सिक पदार्थ है। इस पादर्थ का लेवल अगर दिमाग में बढ़ जाए तो यह एसीटैल्डिहाइड का लेवल बढ़ाने लगता है।

अल्कोहल वाले माउथवॉश

अल्कोहल वाले माउथवॉश हमारे मुंह में अच्छे बैक्टीरिया को भी मारता है, जो नाइट्रोजन को नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल देता है जो हमारे दिल के लिए अच्छा होता है।माउथवॉश से कैंसर होने पर रिसर्च की कमी के बावजूद रोजाना माउथवॉश के उपयोग को लेकर हमेशा सवाल उठते रहते हैं। इसलिए अपने ओरल हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए घर पर बने नैचुरल तरीका ही सबसे बेस्ट होता है।

नमक वाले पानी से कुल्ला



नमक का पानी मसूड़ों की जलन को शांत करने, सूजन को कम करने और बैक्टीरिया को मारने में मदद कर सकता है। एक गिलास गर्म पानी में आधा चम्मच नमक मिलाकर करने से आपके ओरल हेल्थ के लिए बेस्ट है।

बेकिंग सोडा से कुल्ला

बेकिंग सोडा को पानी में घोलकर मुंह धोने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। यह मुंह में एसिड को बेअसर करने, प्लाक हटाने और सांसों को ताज़ा करने में मदद कर सकता है।

हाइड्रोजन पेरोक्साइड कुल्ला

बैक्टीरिया को मारने और दांतों को सफेद करने के लिए पतला हाइड्रोजन पेरोक्साइड समाधान (आमतौर पर 1-2 प्रतिशत) का उपयोग माउथवॉश के रूप में किया जा सकता है। इस पानी को निगलने से बचें क्योंकि यह हाइड्रोजन पेरोक्साइड से भी ज्यादा असरदार है क्योंकि यह आपके मुंह को सूजने से पहले दांतों पर दाग भी लगा सकता है।

नारियल तेल का इस्तेमाल

अपने मुंह में एक बड़ा चम्मच नारियल तेल डालें और उसे 15-20 मिनट के लिए घुमाते रहें। ऐसा करने से मुंह का बैक्टीरिया दूर हो जाता है। और ओरल हेल्थ में काफी ज्यादा सुधार होता है। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -045

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 44 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

# शाहरुख खान की जवान की कमाई 700 करोड़ रुपये की ओर



शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'जवान' बॉक्स ऑफिस पर तूफान बनी हुई है। फिल्म अपने ओपनिंग डे से ही शानदार कारोबार कर रही है और अपने नाम कई रिकॉर्ड भी कर रही है। जहां फिल्म ने सबसे बड़ी ओपनर का रिकॉर्ड बनाया तो वहीं अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले संडे को फिल्म ने सिंगल डे पर 8० करोड़ से ज्यादा कलेक्शन कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। हालांकि वीकडेज में फिल्म की कमाई में गिरावट भी आई बावजूद इसके 'जवान' बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा रही है।

7 सितंबर को रिलीज होते ही फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर लिया है।जवान टिकट खिडकी पर कई रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी है। हालांकि, सोमवार से फिल्म की दैनिक कमाई में गिरावट लगातार जारी है।अब जवान की कमाई के 7वें दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। जवान ने दुनियाभर में 6०० करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है, वहीं भारत में फिल्म की कमाई 4०० करोड़ रुपये पार कर गई है। 'जवान' अब बॉक्स ऑफिस पर सबसे तेजी से 4०० करोड़ का आंकड़ा पार करने वाली फिल्मों में से एक है।

फिल्म ने केवल 9 दिनों में बॉक्स ऑफिस पर ये मील का पत्थर पार कर लिया था। इसी के साथ इस फिल्म ने पठान, गदर 2 सहित फिल्मों के रिकॉर्ड ब्रेक कर दिए हैं। बता दें कि शाहरुख खान की पठान ने 12 दिनों में 414.5० करोड़ कमाए थे। वहीं गदर 2 को भी 4०० करोड़ का आंकड़ा पार करने में 12 दिन लगे थे. वहीं बाहुबली 2 को 4००.3० करोड़ रुपये कमाने में 15 दिन लगे थे और केजीएफ 2 को 4०1.8० करोड़ रुपये कमाने में 23 दिन लगे. ऐसे में 'जवान' सबसे तेजी से 4०० करोड़ क्लब में एंट्री करने वाली फिल्म बन गई है।

फिल्म जवान में शाहरुख की जोड़ी पहली बार दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री नयनतारा के साथ बनी है। इसमें सान्या मल्होत्रा और सुनील ग्रोवर भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं।फिल्म में दीपिका पादुकोण और संजय दत्त का कैमियो है।इसका निर्देशन एटली कुमार ने किया है और फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। गौरी खान फिल्म की निर्माता हैं।यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषाओं में रिलीज हुई है।

जवान की कहानी एक महिला जेल और उसके जेलर आजाद (शाहरुख) पर आधारित है। इस जेल में हजारों महिलाएं कैदी हैं, जिनमें कई बेकसूर हैं।आजाद इन महिलाओं से समाज सेवा का काम करवाता है और उनकी मदद से अलग-अलग मिशन का संचालन भी करता है।आजाद और उसकी महिला सेना को पकडऩे का जिम्मा जांच अफसर नर्मदा (नयनतारा) को दिया जाता है। फिल्म जवान ने फिल्म में विलेन काली का किरदार विजय सेतुपति ने निभाया है।

# ड्रीम गर्ल 2 बनी अनन्या की पहली 100 करोड़ी फिल्म

अनन्या पांडे आजकल अपनी फिल्म ड्रीम गर्ल 2 की सफलता का आनंद उठा रही हैं। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार आयुष्मान खुराना के साथ बनी है।ड्रीम गर्ल 2 ने भारत में 1०० करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है, जिसके बाद अनन्या की खुशी सातवें आसमान पर है और हों भी क्यों न यह उनके करियर की पहली फिल्म है, जिसने 1०० करोड़ रुपये कमाए हैं।ऐसे में हम आपको उनकी पिछली फिल्म की कमाई बताएंगे।

अनन्या को पिछली बार विजय देवरकोंडा की लाइगर में देखा गया था। हालांकि, पिछले साल रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी।7० करोड़ रुपये की लागत में बनी लाइगर ने 2०.०5 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।इससे पहले 2०19 में सिनेमाघरों में आई अनन्या की पति पत्नी और वो ने शानदार कमाई की थी, लेकिन यह 1०० करोड़ी नहीं बन पाई। 45 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म ने 86.89 करोड़ रुपये कमाए थे।

अनन्या ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से की थी।करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने टिकट खिडक़ी पर 69.11 करोड़ रुपये का कारोबार किया है और फिल्म का निर्माण 65 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया था।अनन्या की कुछ फिल्में ओटीटी पर भी रिलीज हुई थी, जिसमें खाली पीली और गहराइयां (अमेजन प्राइम वीडियो) शामिल हैं।आने वाले दिनों में अनन्या खो गये हम कहां में नजर आएंगी। (आरएनएस)

# अब प्रभास निभाएंगे महादेव का किरदार!



दक्षिण भारतीय सिनेमा के अभिनेता प्रभास इन दिनों अपनी फिल्मों की तैयारी में जुटे हुए हैं।एक ओर अभिनेता की फिल्म सालार की रिलीज तारीख में बदलाव हो गया है तो प्रशंसकों को कल्कि 2898 एडी का भी इंतजार है।इस सबके बीच अब अभिनेता के हाथ एक और फिल्म लगी है, जिसमें वह भगवान शिव का किरदार निभाने वाले हैं। ऐसे में अब प्रभास पर्दे पर भगवान राम के बाद भगवान शिव की भूमिका में नजर आने वाले हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रभास विष्णु मांचू के साथ फिल्म कन्नप्पा में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसकी पुष्टि भी मांचू ने ट्वीट करके कर दी है।दरअसल, प्रभास के फिल्म में अहम भूमिका निभाने की बात सामने आ रही थी और कहा जा रहा था कि वह भगवान शिव का किरदार निभाएंगे।अब मांचू ने इस खबर वाले एक ट्वीट पर हर हर महादेव लिखा है, जिसके बाद प्रभास से प्रशंसक काफी उत्सुक हो गए हैं।

प्रभास और मांचू फिल्म कन्नप्पा से पहले भी साथ में काम कर चुके हैं। दरअसल, प्रभास ने मांचू की 2०12 में आई फिल्म डेनिकैना रेडी के लिए कैमियो किया था, जो 1999 की मलयालम फिल्म उदयपुरम सुल्तान की रीमेक थी।

फिल्म कन्नप्पा के लिए हाल ही में पूजा की गई थी। कहा जा रहा है कि इसमें प्रभास के साथ नुपुर सैनन नजर आएंगी।यह फिल्म भक्त कन्नप्पा के जीवन पर आधारित होगी, जो भगवान शिव के भक्त थे। अब जल्द ही इसकी शूटिंग भी शुरू होगी।मुकेश सिंह की इस फिल्म को पारुचुरी गोपालकृष्ण, बुर्रा साई माधव और थोटा प्रसाद ने लिखा है।इस फिल्म का निर्माण एवा एंटरटेनमेंट और 24 फ्रेम्स फैक्ट्री के बैनर तले किया गया है।

प्रभास भगवान शिव से पहले बड़े पर्दे पर इस साल आई फिल्म आदिपुरुष में भगवान राम के किरदार में नजर आ चुके हैं।हालांकि, फिल्म में अभिनेता को अपने किरदार के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था, लेकिन अब वह फिर से अलग-अलग भगवान की भूमिका में नजर आने वाले हैं।प्रभास के फिल्म कल्कि 2898 एडी में भी भगवान विष्णु के 1०वें अवतार कल्कि से प्रेरित किरदार निभाने की बात सामने आ रही है। प्रभास प्रशांत नील की फिल्म सालार के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने के लिए तैयार हैं। पहले ये फिल्म 28 सितंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा न होने के चलते इसकी रिलीज तारीख में बदलाव हो गया है। अब यह फिल्म नवंबर में रिलीज होगी।इसके अलावा कल्कि 2898 एडी की रिलीज 12 जनवरी को तय है, लेकिन इसके अभी कुछ हिस्से की शूटिंग बाकी है। ऐसे में इसकी रिलीज आगे बढ़ सकती है। (आरएनएस)

# वेणु थोट्टेमपुडी अथिधि 19 सितंबर से डिज्नी प्लस हॉट स्टार पर स्ट्रीम होगी

बहुमुखी अभिनेता वेणु थोट्टेमपुडी वेब श्रृंखला अथिधि से अपनी डिजिटल एंट्री कर रहे हैं। यह वेब सीरीज लोकप्रिय ओटीटी कंपनी डिज्नी प्लस हॉट स्टार स्पेशल में आ रही है। हाल ही में डिज्नी फ्लस हॉट स्टार की सेव द टाइगर्स, सैटन और दयास जैसी सीरीज सुपरहिट हुई हैं।

इस पृष्ठभूमि में अतिथि से दर्शकों के बीच अच्छी उम्मीदें बन रही हैं. इस वेब सीरीज का निर्माण रैंडम फ्रेम्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्देशक भरत व्याजी द्वारा किया जा रहा है। मशहूर निर्देशक प्रवीण सत्तारु शो रनर की भूमिका निभा रहे हैं।

डिज्नी ने आज अतिथि वेब श्रृंखला की स्ट्रीमिंग तिथि की घोषणा की है। अतिथि वेब सीरीज 19 सितंबर से स्ट्रीम होगी। वहीं हाल ही में रिलीज हुई अतिथि वेब सीरीज के फर्स्ट लुक ने उत्सुकता पैदा कर दी है। अब तारीख की घोषणा के दौरान टीजर जारी किया गया.

इस टीजर में हीरो एक ऐसी महिला का स्वागत करता है जो भारी बारिश में भीगने के बाद देर रात घर आती है. इसके बाद उनके बीच नजदीकियां बढ़ती हैं. इस बीच टीजर दिलचस्प तरीके से उसके व्यवहार में बदलाव के साथ समाप्त होता है और उसकी चीख आपको झकझोर कर रख देगी। टीजर अतिथि वेब सीरीज़ पर अधिक रुचि पैदा कर रहा है।

# मिशन रानीगंज-द ग्रेट भारत रेस्क्यू के टीजऱ ने मचाया तहलका




पूजा एंटरटेनमेंट अत्याधुनिक और कंटेंट आधारित सिनेमा बनाने के लिए जानी जाती है। इसकी आगामी फिल्म मिशन रानीगंज - द ग्रेट भारत रेस्क्यू का टीजऱ जारी हो गया है। जिसे दुनियाभर के फैंस पसंद कर रहे हैं।

अक्षय कुमार और परिणीति चोपड़ा-स्टारर मिशन रानीगंज -द ग्रेट भारत रेस्क्यू ने 24 घंटों के भीतर 4० मिलियन से अधिक बार देखे जाने के साथ दुनियाभर में सनसनी मचा दी है। हैशटैग मिशन रानीगंज लगातार यूट्यूब और ट्विटर पर टॉप 5 ट्रेंड में बना हुआ है। सोशल मीडिया पर फैंस मिशन रानीगंज के बारे में लगातार बातें कर रहे हैं।

यह फिल्म पूजा एंटरटेनमेंट और अक्षय कुमार के बीच तीसरे सहयोग का प्रतीक है। कोल माइंस रेस्क्यू ड्रामा एक वास्तविक घटना पर आधारित है। यह फिल्म स्वर्गीय जसवंत सिंह गिल से प्रेरित है, जिन्होंने नवंबर 1989 में रानीगंज में बाढ़ वाली कोयला खदान में फंसे खनिकों को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

इस उल्लेखनीय मिशन को दुनिया के सबसे सफल बचाव अभियानों में से एक के रूप में दर्ज किया गया है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता टीनू सुरेश देसाई फिल्म के निर्देशक हैं। इसमें कुमुंद मिश्रा, राजेश शर्मा, पवन मल्होत्रा, रवि किशन, दिब्येंदु भट्टाचार्य और वरुण बडोला सहित कई अन्य लोग भी हैं।

फिल्म का टीजऱ रोमांच से भरपूर, रहस्य, बहादुरी और कठिन बाधाओं को पार करने के दृढ़ संकल्प से भरपूर है। पूजा एंटरटेनमेंट की फिल्में अक्सर हमें याद दिलाती हैं कि वास्तविक जीवन की कहानियां कल्पना की तरह ही अविश्वसनीय हो सकती हैं और फिल्म का टीजऱ ऐसा ही होने का वादा करता है।

ब्लॉकबस्टर ओएमजी 2 की हालिया रिलीज के साथ बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उन्हें भारतीय सिनेमा का सच्चा आइकन क्यों माना जाता है। वह एक बार फिर भूमिकाओं की अपनी विवेकपूर्ण पसंद के साथ खड़े हैं। उनकी भूमिकाएं न केवल मनोरंजन करती हैं बल्कि ज्ञानवर्धक भी हैं। इसके अलावा अक्षय कुमार और टीनू सुरेश देसाई साथ में काम कर रहे हैं। टीनू सुरेश देसाई ने अक्षय कुमार स्टारर रुस्तम फिल्म का निर्देशन भी किया था, जिसने राष्ट्रीय पुरस्कार जीता था। वाशु भगनानी प्रस्तुत, पूजा एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन, वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और अजय कपूर की पावरहाउस टीम द्वारा निर्मित मिशन रानीगंज - द ग्रेट भारत रेस्क्यू 6 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। (आरएनएस)

# चिली का वह 9/11 ज्यादा जघन्य था!

श्रुति व्यास

नई दुनिया के इतिहास में 11 सितम्बर एक अहम तारीख़ हैपर यह 2००1 का9/11 नहीं बल्कि आज से पचास साल पहले सन 1973 के 9/11 के दिन की बात हैं। ग्यारह सितंबर 1973 की सुबह लातिनी अमरीका के सबसे स्थिर लोकतंत्र, चिली में जनरल औगस्टो पिनोशे ने तख़्तापलट किया। फिर उन्होने कोई 17 साल तक चिली पर राज किया। लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए समाजवादी राष्ट्रपति साल्वाडोर अलेंदे ने राजधानी सेंटियागो के बीचों-बीच स्थित राष्ट्रपति के महल लॉ मुनेदा में आत्महत्या की। दुनिया ने तब देखा था कि चिली की वायुसेना ने राष्ट्रपति भवन पर राकेटों से हमला किया। अलेंदे मौत को गले लगाकर लोकतंत्र की खातिर शहीद हो गए। वे पूरी दुनिया में वामपंथ के आइकॉन बने।

इन दिनों चिली की जनता उस तख़्तापलट की 5०वीं वर्षगांठ मनाने की तैयारी में है। उसकी यादें लोगों के दिलों में आज भी ताजा हैंइन दिनों गेब्रियल बोरिक, जो चिली के युवा वामपंथी राष्ट्रपति हैं, के रूप में देश को एक ऐसा राष्ट्रीय नेता मिला है जो अलेंदे के जबरदस्त प्रशंसक है। अपना कार्यभार संभालने के दिन ही उन्होंने इस दिवंगत नेता को राष्ट्रपति भवन के पिछवाड़े में स्थापित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की और अपने भाषण में उन्हें याद किया। गत सप्ताह उनकी सरकार ने उन 1,162 लोगों के शवों की खोज के एक नए अभियान की घोषणा की जो औगस्टो पिनोशे की तानाशाही के दौरान गायब हो गए थे और अभी तक उनके बारे में कुछ भी पता नहीं लगा है। पिनोशे ने तख्तापलट के बाद अपने विरोधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों को बंदी बनाकर उन्हें सेंटियागो के नेशनल स्टेडियम और अन्य अस्थायी जेलों में रखा। कोई 3०,००० लोगों को यातनाएं दी गईं। और 2,2०० से अधिक को मृत्युदंड सुनाया गया। इन गायब हुए लोगों के बारे में कोई भी सुबूत न मिल सके यह सुनिश्चित करने के लिए पिनोशे ने इनके शवों को कब्र से निकालकर समुद्र या ज्वालामुखी के मुहाने में फेंकने का आदेश दिया था।

सन् 1973 में हुए तख्तापलट और उसके बाद के तानाशाही के दौर के बारे में बहुत सी बातें आज भी हमें पता नहीं हैं। पिनोशे और जुंटा सुबूत मिटाने में बहुत कुशल थी। अमेरिका भी उस दौर के बारे में सभी दस्तावेजों को सार्वजनिक करने में हिचकिचा रहा है। वे धीरे-धीरे किश्तों में सामने आ रहे हैं। लेकिन चिली के वर्तमान राष्ट्रपति 37 वर्षीय गेब्रियल बोरिक और अलेक्जेंडरिया ओकासियो-कोर्टेज जैसे अमेरिका के प्रगतिशील डेमोक्रेटों के दबाव मे हाल में अमरीका ने दो दस्तावेज सार्वजनिक किए हैं - तख्तापलट वाले दिन और उसके तीन दिन पहले राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन को खुफि?ा एजेंसी द्वारा दी गई ब्रीफिंग। इन दस्तावेजों का निचोड़ यह है कि अमेरिका ने सत्ता पर कब्जा करने में सेना की मदद की थी।

दरअसल अलेंदे के पापुलर यूनिटी एलायंस के नेता के तौर पर 4 सितंबर 197० को चुनाव जीतने के बाद से ही व्हाईट हाऊस ने निक्सन के सलाहकार हैनरी किसिंजर की अगुवाई में उनसे छुटकारा पाने की साजिश रचना शुरू कर दी थी। सीआईए ने चुनाव के अगले माह अलेंदे के राष्ट्रपति पद संभालने के भी पहले, एक बगावत की योजना बनाई थी। सीआईए के जासूसों ने सत्ता-विरोधियों को हथियार और नकद मुहैया करवाई। सैन्य सरकार के लिए अमेरिरॉकी सरकार के समर्थन का आश्वासन भी दिया। हालांकि वह बगावत नहीं हो सकी, लेकिन निक्सन प्रशासन ने तख्तापलट के तुरंत बाद सैनिक जुंटा का साथ देना शुरू कर दिया। जब सदमे में अमेरिकी कूटनीतिज्ञों ने कत्लेआम की खबरें भेजीं तो किसिंजर ने अपने सहायकों से कहा ''मेरा मानना है कि हमें अपनी नीति को समझना चाहिए - यह सरकार चाहे कितने भी गलत काम करे यह हमारे लिए अलेंदे से बेहतर है।पिनोशे को ब्रिटेन में सन् 1979 में चुनाव जीतने वाली मार्गरेट थैचर के रूप में एक और शक्तिशाली मित्र मिला।

उन्होंने चिली को उधारी में सामान निर्यात करना शुरू किया और उसे हथियार बेचने पर लगी पाबंदी भी हटा दी। इंग्लैंड ने इस सरकार को जेट लड़ाकू विमान और उसके सैनिकों को प्रशिक्षण की सुविधाएं प्रदान कीं। इसका नतीजा यह हुआ कि पिनोशे की सरकार ने अर्जेंटीना, उरूग्वे, पेरागुए, बोलिविया और ब्राजील की सैन्य सरकारों के साथ मिलकर वामपंथियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की हत्याएं करनी शुरू कर दीं।

हत्याकांडों की इस श्रृंखला को ऑपरेशन कोंडोर का नाम दिया गया। इस ऑपरेशन की अमेरिका के फोर्ड, कार्टर, और रीगन प्रशासन ने प्रशिक्षण और सैन्य सहायता के रूप में मदद की और उसे कम्युनिज्म के खिलाफ लड़ाई का हिस्सा बताया।

इस तख्तापलट ने पूरी दुनिया में लंबे समय तक प्रभाव छोड़ा। विशेषकर इसकी दिल दहला देने वाली क्रूरता के कारण। आज भी चिली की जनता तख्तापलट और अलेंदे को लेकर बंटी हुई है। हाल में मोरी द्वारा की गई रायशुमारी में पाया गया कि इसमें भाग लेने वालों में से केवल 42 प्रतिशत यह मानते हैं कि तख्तापलट से लोकतंत्र ख़त्म हुआ और केवल 36 प्रतिशत का यह विचार है कि इससे चिली को मार्क्सवाद से छुटकारा मिला।

वाशिंगटन के राष्ट्रीय सुरक्षा संग्रहालय के वरिष्ठ विश्लेषक पीटर कोर्न्ब्लुह, जिन्होंने अमरीकी सरकार पर तख्तापलट संबंधी दस्तावेज सार्वजनिक करने के लिए चलाए गए अभियान का नेतृत्व किया और चेतावनी दी कि अति-दक्षिणपंथ के उभार के साथ पिनोशे के दौर में हुए अत्याचारों को नकारने की प्रवृत्ति बढ़ रही है।

इसमें कोई शक नहीं कि चिली में हुए तख्तापलट के सबक आज की दुनिया के लिए भी प्रासंगिक है क्योंकि उसने पूरी दुनिया की बहुत सी उम्मीदों और सपनों पर पानी फेरा था।

## सू- दोकू क्र.045

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.44का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# मराठा आरक्षण का सवाल




आवश्यकता इस बात की है कि आर्थिक एवं शैक्षिक पिछड़ेपन की समस्या को आरक्षण के विमर्श से बाहर निकाला जाए। तभी मसले के सही कारणों की पहचान होगी और कारगर समाधान पर चर्चा करना संभव हो पाएगा। क्या इसका साहस कोई दल दिखाएगा? महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण का सवाल फिर गरमा गया है। जालना में आरक्षण समर्थकों पर पुलिस कार्रवाई के बाद सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी पर दबाव इतना बढ़ा कि गृह मंत्री देवेंद्र फड़णवीस को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी पड़ी। जाहिर है, जिस समय चुनाव सिर पर हैं, भाजपा सामाजिक और राजनीतिक रूप से प्रभावशाली मराठा समुदाय को नाराज नहीं रखना चाहती। दूसरी तरफ विपक्षी दल इस समुदाय की भावनाओं को हवा देने में कोई कसर नहीं बरत रहे हैं। मगर मुद्दा यह है कि जब सुप्रीम कोर्ट ने मराठा आरक्षण को अवैध ठहरा दिया है, तो फिर कोई सरकार इस समुदाय की मांग को कैसे पूरा करेगी? यह मसला नया नहीं है। तकरीबन चार दशक से मराठा आरक्षण की मांग चुनाव से ठीक पहले जोर पकड़ती है। दोनों पक्ष की सरकारों ने आरक्षण देने के निर्णय भी किए, जो न्यायिक परीक्षण में टिक नहीं सके। मराठा समुदाय के प्रभाव का हाल यह है कि महाराष्ट्र में आज तक बने 2० मुख्यमंत्रियों में से 12 इस समुदाय से आए हैं।

जहां तक आबादी बढ़ने के साथ जमीन विभाजित होने और शैक्षिक स्तर पर आम मराठा व्यक्तियों के पिछड़े होने की बात है, तो इस समस्या से कोई बचा हुआ नहीं है। लेकिन आरक्षण इस समस्या का समाधान है, यह मानने का कोई तर्क नहीं हो सकता। जिस समस्या की जड़ें आर्थिक व्यवस्था और विकास नीति से जुड़ी हुई हैं, उनका सामाजिक समाधान ढूंढने की कोशिश निरर्थक है। मगर ऐसे समाधान से सिर्फ भावनाओं को संतुष्ट किया जा सकता है, लेकिन कथित पिछड़ेपन को दूर नहीं किया जा सकता। मगर वोट की राजनीति में सियासी पार्टियों के लिए भावनाओं को संतुष्ट करना एक महत्त्वपूर्ण दांव होता है। इसलिए वर्तमान केंद्र सरकार ने सवर्ण जातियों के लिए भी आरक्षण की व्यवस्था कर दी, हालांकि उसे आर्थिक रूप से पिछड़ों के लिए आरक्षण बताया गया। बहरहाल, आवश्यकता इस बात की है कि आर्थिक एवं शैक्षिक पिछड़ेपन की समस्या को आरक्षण के विमर्श से बाहर निकाला जाए। तभी मसले के सही कारणों की पहचान होगी और कारगर समाधान पर चर्चा करना संभव हो पाएगा। क्या इसका साहस कोई दल दिखाएगा?(आरएनएस)

# दांव पर छात्रों की जान



जानकारों के मुताबिक छात्रों पर बढऩे वाले मनोवैज्ञानिक दबाव के पीछे एक प्रमुख कारण यहां का कोचिंग सिस्टम है। कोचिंग संस्थान सिर्फ उन छात्रों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिन्हें ग्रेडिंग में ज्यादा नंबर मिलते हैं। इससे बाकी छात्रों पर दबाव बढ़ जाता है।

कोचिंग हब के नाम से मशहूर शहर कोटा में छात्रों के आत्महत्या करने का सिलसिला जारी है। ऐसा लगता है कि ये समस्या लाइलाज हो गई है। छात्रों की मुसीबत और उसके समाधान की चर्चाएं खूब होती हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकलता। बीते आठ महीने में 24 छात्रों ने जान दी है। इनमें से 13 ऐसे थे, जिन्हें कोटा आए एक साल से भी कम समय हुआ था। हाल में यह शहर आत्महत्या की बढ़ती संख्या को लेकर सुर्खियों में आया, जब गुजरे 27 अगस्त को महज चार घंटे के अंतर पर यहां दो छात्रों ने अपनी जान दे दी। उन्हें शामिल करते हुए इस साल जनवरी से लेकर 28 अगस्त तक कोटा में 24 छात्र अपनी जान दे चुके थे। इसके पहले दिसंबर 2०22 में चार छात्रों ने आत्महत्या की थी। खबरों के मुताबिक पिछले 12 साल में 15० से ज्यादा छात्र यहां खुदकुशी कर चुके हैं। जानकारों का कहना है कि छात्रों पर बढऩे वाले मनोवैज्ञानिक दबाव के पीछे एक प्रमुख कारण यहां के कोचिंग का सिस्टम है।

कोचिंग संस्थान 7०० नंबर के इस टेस्ट के रिजल्ट के आधार पर छात्रों की रैंकिंग और ग्रेडिंग तय करते हैं। 5०० से ज्यादा नंबर लाने वाले छात्रों की रैंकिंग अच्छी मानी जाती है और उन पर कोचिंग संस्थानों का ज्यादा फोकस होता है। ऐसे में जो बच्चे कम नंबर लाते हैं, वे अपने नंबरों से तो परेशान होते ही हैं, साथ ही उन्हें यह डर भी सताने लगता है कि अब संस्थान भी उन पर कम ध्यान देगा। इस कारण अक्सर वे डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। आत्महत्या के बढ़ते मामलों से चिंतित राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पिछले दिनों कोचिंग संस्थानों को कुछ निर्देश दिए। इनमें रविवार को टेस्ट नहीं लेने, दो सप्ताह में एक बार छात्र-छात्राओं की सेहत की जांच कराने, पढ़ाई का बोझ नहीं डालने जैसे निर्देश शामिल हैं। कोटा के कलेक्टर ने कोचिंग संस्थानों में दो महीने तक टेस्ट ना कराने का निर्देश जारी किया है। लेकिन जो समस्या करियर के लिए माहौल और परिवार के दबाव से जुड़ी है, क्या उसका समाधान ऐसे उपायों से हो सकता है?(आरएनएस)



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की भक्ति व आराधना को समर्पित 'श्री गणेश चतुर्थी' पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी के जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की है।

# 26 व 27 सितम्बर को होगा खण्ड स्तरीय छात्र संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन

हमारे संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार के तत्वाधान में विश्व की प्राचीनतम भाषा एवं राज्य की द्वितीय राजभाषा संस्कृत के प्रचार प्रसार, संवर्धन संरक्षण एवं जनमानस में संस्कृत के प्रति चेतना जागृत करने के उद्देश्य से खंड स्तरीय छात्र संस्कृत प्रतियोगिता 26 एवं 27 सितंबर को सभागार खंड विकास अधिकारी मुनस्यारी में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में राजकीय अशासकीय, निजी मान्यता प्राप्त विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के कनिष्ठ वर्ग में 6 से 10 एवं वरिष्ठ वर्ग में 11 से स्नातकोत्तर तक के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता 6 विधाओ में होगी। जिसमें संस्कृत नाटक, संस्कृत समूह गान, संस्कृति नृत्य, संस्कृत वाद विवाद, संस्कृत आशुभाषण, श्लोकोच्चारण प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता के मार्गदर्शक खंड शिक्षा अधिकारी मुंसियारी आसाराम, खंड संयोजक सुश्री नीमा आर्य, प्रभारी प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नपजला मुनस्यारी होंगे।

# तीन दुपहिया वाहन चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने तीन स्थानों से तीन दुपहिया वाहन चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार एमडीडीए कालोनी निवासी वंदना गौतम ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी एक्टिवा अपने घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आयी तो उसने देखा कि उसकी एक्टिवा अपने स्थान से गायब थी। वहीं सेवक आश्रम रोड निवासी राहुल मेहरोत्रा ने डालनवाला कोतवाली में अपने घर के बाहर से स्कूटी चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया। इसके साथ ही गढी कैण्ट निवासी सतेन्द्र कुमार ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल केनरा बैंक के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने तीनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



# काली बाडी मॉडल कालोनी में शुरू हुआ 20वां गणेश उत्सव

संवाददाता

देहरादून। उत्तरायण काली बाडी मॉडल कालोनी में पूजा अर्चना के साथ 20वां गणेश उत्सव शुरू हुआ। उत्तरायण काली बाड़ी मॉडल कॉलोनी, आराघर में 20वो गणेश उत्सव का दीप प्रज्वलित कर, संस्था के संस्थापक सदस्य समर सेन , कार्यक्रम के संयोजक अधीर मुखर्जी, पूजा समिति के अध्यक्ष आर. एन मित्रा, मधमिता दत्ता, सचिव शिवानी दत्ता ने दीप प्रज्वलित कर पूजा का शुभारम्भ किया। गणेश जी की पंडित ने पूजा अर्चना कर, हवन किया उसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। भक्ति संगीत में पंडाल में उत्सव का माहोल था। सभी भक्तजन गणेश जी की आरती कर आनंद माना रहे थे। पूजा कार्यक्रम में आर. एन मित्रा, मधुमिता दत्ता, शिवानी दत्ता, दीपक मुखर्जी, अनामिका मुखर्जी, प्रसंजीत दत्ता, लोखी मुखर्जी, सुनीता भौमिक, एस. के बैनर्जी, नम्रता मुखर्जी, पुष्पा भंडारी, मंजु दास गुप्ता, श्रीमती गीता सेन समेत सैकडो श्रद्धालु उपस्थित हुए।

# पुलिस की सक्रियता से आत्महत्या करने जा रहे युवक की बची जान

हमारे संवाददाता

चमोली। समय कितना अमूल्य है कि महज कुछ मिनटों की सजगता किसी की भी जान बचायी जा सकती है, जी हाँ ऐसा ही कारनामा चमोली पुलिस ने कर दिखाया है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज जिला नियंत्रण कक्ष द्वारा चौकी गौचर को सूचना दी गयी कि एक व्यक्ति जो स्वयं के आत्महत्या करने की सूचना दे रहा है। जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए गौचर चौकी पुलिस टीम द्वारा कॉलर से जरिए फोन पर बात की गई तो कॉलर द्वारा बताया गया कि मैं बहुत परेशान हूं और आत्महत्या करने जा रहा हूं। बताया कि मैं अभी सारी गांव जाने वाले पुल पर



हूं। जिस पर पुलिस टीम उक्त व्यक्ति से फोन पर बात करते हुए मौके पर पहुँची। मौके पर देखा तो उक्त व्यक्ति सारी गांव जाने वाले नदी पर बने पुल से नीचे की ओर रस्से पर लटका हुआ था। पुलिस द्वारा मौके से ही उक्त व्यक्ति से बात कर उसे समझा-बुझाकर रस्से से ऊपर पुल पर सुरक्षित निकाला गया। तत्पश्चात उक्त व्यक्ति को आवश्यक कार्यवाही हेतु चौकी गौचर पर लाया गया व समझाया बुझाया और भविष्य में ऐसी गलती न करनें के लिए लिखित लिया गया। वही उसके परिजनो द्वारा पुलिस का शुक्रिया अदा किया गया है।

# हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, 20 पव्वे देशी शराब व चाकू बरामद



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। शराब तस्करी में लिप्त एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को पुलिस ने 20 पव्वे देशी शराब व एक चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ पूर्व में भी 26 मुकदमें दर्ज है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज कोतवाली नगर पुलिस ने एक सूचना के बाद कोतवाली के हिस्ट्रीशीटर अर्पित आनन्द पुत्र श्यामसुन्दर आनन्द निवासी पालिका बाजार कोतवाली नगर जिला हरिद्वार को एक चाकू व 20 पव्वे अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम व शस्त्र अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपी शातिर किस्म का बदमाश है। जिस पर पूर्व में भी कोतवाली नगर में 26 मुकदमें दर्ज है।

# भाजयुमों ने फूंका कांग्रेस विधायक का पुतला

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पर अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने लैसडाउन चौक पर प्रदर्शन कर कांग्रेस विधायक मदन सिंह बिष्ट का पुतला फूंका।



आज यहां भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर देहरादून के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बिष्ट एवं भारतीय जनता पार्टी देहरादून महानगर के मंत्री एवं युवा मोर्चा महानगर देहरादून के प्रभारी संकेत नौटियाल के नेतृत्व में द्वाराहाट विधान सभा से कांग्रेस विधायक मदन सिंह बिष्ट के द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने पर लैंसडाउन चौक पर कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी देहरादून महानगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल महामंत्री सुरेंद्र राणा, महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष श्रीमती अर्चना बागड़ी युवा मोर्चा महामंत्री तरुण जैन, प्रीतम शाह, वैशाली बंसल, तरुण चमोली, शशांक गुस्साई, सचिन नैथानी, नितिन मिश्रा, चंद्र सागर उनियाल, प्रियांशु थापा, आकाश सिंह, रिशु चौरसिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस की चपेट में आकर स्कूटी सवार युवती घायल

संवाददाता

देहरादून। रोडवेज बस की चपेट में आकर स्कूटी सवार युवती के घायल होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार तिब्बतन होम्स स्कूल गौरी माफी रायवाला निवासी न्यूचुंग ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बेटी तेन्पा अपनी स्कूटी से बाजार से घर की तरफ आ रही थी। जब वह लच्छीवाला टोल प्लाजा के पास पहुंची तभी रोडवेज बस ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# चोर गिरफ्तार, सत्यापन न करवाने पर मकान मालिक पर भी गिरी गाज

हमारे संवाददाता

चमोली। मोबाइल चोरी का मात्र कुछ घंटो में ही खुलासा करते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को चुराये गये मोबाइल सहित गिरफ्तार कर लिया है। वहीं गिरफ्तार व्यक्ति का सत्यापन न करवाने पर पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ भी कार्यवाही कर उसका 5 हजार का चालान कर दिया है।

जानकारी के अनुसार बीते 17 सितम्बर को सोबन सिंह नेगी पुत्र बाग सिंह नेगी, निवासी नारायणबागड़ द्वारा थाना थराली में तहरीर देकर बताया गया था कि दुकान में रखे उसके मोबाइल फोन को किसी ने चुरा लिया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मोबाइल चोर की तलाश शुरू कर दी गयी। जिसे पुलिस ने बीती शाम एक सूचना के आधार पर चुराये गये मोबाइल सहित गिरफ्तार कर



लिया गया है।

पूछताछ में उसने अपना नाम सुभाष शाह पुत्र जय किशोर शाह, निवासी सुंदर गामा, पोस्ट भगवानपुर चौक, सीतामढ़ी बिहार बताया। बताया कि वह वर्तमान समय में कण्डवाल गांव में मजदूरी का कार्य कर रहा है तथा किराए के मकान में रहता है। जिस पर पुलिस ने मकान मालिक से उसका सत्यापन कराने की बात पूछी तो पता चला कि उसने किरायेदार का सत्यापन ही नहीं कराया था। इस पर पुलिस ने सत्यापन न कराये जाने पर मकान मालिक के खिलाफ 83 पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही करते हुए 5000/-रूपये का संयोजन शुल्क वसूला गया है। वहीं आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर



रिद्धि सिद्धि के दाता विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश सबको सुःख शांति और समृद्धि प्रदान करे इसी मंगलकामना के साथ गणेश चतुर्थी की बधाई।

# नाम बदलकर लड़की से दोस्ती और रेप के बाद धर्मातरण का दबाव बनाया, गिरफ्तार



सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद इलाके में अब्दुल मोहर्रम नाम के एक युवक ने अपनी पहचान छिपाकर एक 19 साल की दलित युवती से प्यार का नाटक किया और रेप की वारदात को अंजाम दिया। जब उसकी पहचान जाहिर हो गई तो उसने लड़की पर धर्म बदलने का दबाव डाला। इस वारदात को लेकर युवती के बयान पर देवबंद थाने में दुष्कर्म और अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

युवती का कहना है कि छह महीने पहले उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति की कॉल आयी। उसने अपना नाम मोनू बताते हुए दोस्ती का हाथ बढ़ाया। फिर बातचीत का सिलसिला बढ़ा तो उसने प्यार का वास्ता देकर शादी करने के लिए दिल्ली बुलाया और उसका यौन शोषण किया। इसी बीच जब उसे युवक के असली नाम और मजहब का पता चला, तो उसने शादी से इंकार कर दिया। इसके बाद अब्दुल मोहर्रम ने उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव भी डाला। बाद में वह आरोपी के चुंगल से छूटकर किसी तरह घर पहुंची और परिवार वालों से आप बीती सुनाई।

सहारनपुर के पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा ने कहा कि उचित आईपीसी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और युवती द्वारा देवबंद पुलिस स्टेशन में दी गई शिकायत के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसएसपी ने कहा कि आरोपी की पहचान अब्दुल मोहर्रम के रूप में हुई है, जिसने खुद को हिंदू और युवती को अपना नाम मोनू बताया था। उन्होंने कहा कि, युवती का जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव भी उसने डाला।

# ह्यूमन ट्रैफिकिंग गैंग का पर्दाफाश, महिला सहित छह गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। ऑपरेशन स्माइल के तहत पुलिस ने ह्यूमन ट्रैफिकिंग के बड़े रैकेट का पर्दाफाश करते हुए गैंग के सरगना, एक महिला सहित छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गैंग के सरगना की पत्नी व उसकी मुख्य सहयोगी फरार है जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो नाबालिग बहनो को भी बरामद किया है जिन्हे प्रोस्टीट्यूशन के दलदल में उतारे जाने की तैयारी थी।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि "ऑपरेशन स्माइल" के तहत पुलिस को संजय नगर टिबडी स्थित एक मकान में संदिग्ध गतिविधियां होने की सूचना मिली थी। सूचना पर गम्भीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुए पुलिस ने आज सुबह 2 मासूम नाबालिक लड़कियों (उम्र क्रमशः 17 व 14 वर्ष) को ह्यूमन ट्रैफिकिंग के धंधे में जाने से ठीक पहले बचाते हुए इस गोरखधंधे के मास्टरमाइंड व एक महिला तथा 4 दलालों को दबोचने में सफलता हासिल की है। बताया कि गैंग के मुख्य सरगना व उसकी पत्नी यहां किराए का कमरा लेकर रह रहे थे। जहां पिछले कुछ दिनों से उन्होंने अपने साथ 2 नाबालिक लड़कियों को रखा हुआ था। पुलिस ने औचक छापेमारी की तो पता चला कि दोनों नाबालिक आपस में बहने हैं और अपने घर (प्रयागराज) से भागकर दिल्ली आयी थी जहां मुख्य आरोपी आलोक ने उन्हे नौकरी लगाने का झांसा दिया और अपने साथ टिबडी स्थित अपने कमरे पर ले आया। दंपत्ति ने लड़कियों को धंधे के लिए तैयार रहने के लिए कहकर हर दिन दस हजार रुपए देने की बात कही थी। पूछताछ में पता चला कि आरोपी आलोक की पत्नी

## ❑गैंग के सरगना की पत्नी फरार, तलाश जारी

कुछ दलालों से बातचीत कर सौदा फाइनल करने के लिए बाहर गयी हुई है।

जिस पर पुलिस ने जाल बिछाते हुए आलोक को साथ लेकर सौदा करने आ रही दूसरी पार्टी की घेराबंदी शुरू की और चंडीघाट पूल के पास से सेंट्रो कार में सवार महिला आरोपी सहित लड़कियों का सौदा करने आए प्रवीण, रामकुमार, अनश व अनवर अंसारी को हिरासत में लिया। बताया कि पुलिस अब आलोक की फरार पत्नी की तलाश में जुटी हुई है। बताया कि गिरफ्त में आए आरोपियों से की गई पड़ताल में प्रारम्भिक तौर पर जानकारी मिली है कि आरोपी आलोक इस गिरोह को समय-समय पर लड़किया और महिलाएं सप्लाई करता था जिन्हे गिरोह सस्ते दामों में खरीद कर या तो आगे बेच दिया जाता था या पैसे लेकर शादी करवा दी जाती थी। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ पोक्सो सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं पुलिस द्वारा नाबालिक युवतियों के घर से सम्बन्धित थाने से सम्पर्क करने पर जानकारी मिली कि परिजनों की शिकायत पर प्रयागराज में गुमशुदगी दर्ज कर उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दोनों बालिकाओं की तलाश की जा रही थी। सूचना मिलने पर बालिकाओं के परिजन भी हरिद्वार पहुंच चुके हैं। गिरफ्तार आरोपियों के नाम आलोक पुत्र सुरेश चंद्र शुक्ला निवासी फरुखाबाद, प्रवीण पुत्र जय भगवान निवासी बिजनौर,पूजा पत्नी सतीश सकलानी निवासी थापा गली निकट ग्रीन वैली स्कूल सेलाकुई देहरादून, रामकुमार पुत्र भीम सिंह निवासी गाजियाबाद अनश पुत्र मेहबूब निवासी बिजनौर व अनवर अंसारी पुत्र सलीम अंसारी निवासी फरुखाबाद बताये जा रहे है। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक सेंट्रो कार व छह मोबाइल भी बरामद किये है।

# ट्रेन की चपेट में आकर हाथी की मौत



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। ट्रेन की चपेट में आकर देर रात एक हाथी की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर हाथी के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात सीतापुर फाटक के समीप एक हाथी जंगल से निकल कर रेलवे ट्रैक पार करने लगा। बताया जा रहा है कि इस दौरान वह एक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिसके कारण हाथी ने वहीं मौके पर ही दम तोड़ दिया है। वही रेंजर दिनेश नोटियाल के मुताबिक एक नर हाथी की मृत्यु हुई है, जिसे अब पोस्मार्टम के लिए भेजा जाएगा।

वहीं वन्य जीव प्रेमियों का कहना है कि मानव द्वारा विकास के नाम पर जंगलों को खत्म किया जा रहा है। जिसके चलते जहां मानव व वन्य जीव संघर्ष लगातार बढ़ रहे है वहीं मनुष्य द्वारा जगंलों के साथ लगातार की जा रही छेड़छाड़ से जानवरों की जिन्दगियां भी अब खतरे में है।

# छात्र ने लगाई फांसी, ट्यूशन जाने के लिए दबाव बनाने से था नाराज

हमारे संवाददाता

देहरादून। कक्षा आठवीं के 14 वर्षीय छात्र ने स्कूल से घर जाकर अपने कमरे में पंखे से लटक कर फांसी लगा ली। परिजन बेटे को अचेत अवस्था में लेकर एम्स पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद छात्र को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने पंचायतनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एम्स चौकी प्रभारी मनवर सिंह नेगी ने बताया कि छात्र सिद्धार्थ कैंतुरा गंगानगर हनुमंतपुरम का रहने वाला था। वह स्कूल से छुट्टी होने के बाद घर पहुंचा। जिसके बाद सिद्धार्थ ने ट्यूशन जाने से मना कर दिया और वह टीवी देखने लगा। इस दौरान पिता ने सिद्धार्थ को ट्यूशन जाने के लिए दबाव बनाया। जिससे नाराज होकर सिद्धार्थ अपने कमरे में चला गया। कुछ देर तक सिद्धार्थ के कमरे से कोई आवाज नहीं आने पर परिजन कमरे में पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। रोशनदान से झांक कर देखा तो बेटा पंखे से लटका हुआ दिखाई दिया। दरवाजा तोड़कर परिजनों ने बेटे को फांसी के फंदे से नीचे उतारा और उसे लेकर एम्स पहुंचे। जहां डॉक्टर ने सिद्धार्थ को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

# मन्दिर से दान पात्र चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने मन्दिर से दो दानपात्र चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्कृति लोक कालोनी शिव मन्दिर विकास समिति के अध्यक्ष संग्राम सिंह नेगी ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज जब वह शिव मन्दिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मन्दिर के दोनों दान पात्र गायब थे।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*